








नवभारत 03
इंदौर, बुधवार,24, सितंबर,2025


## एक नजर में

### जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जीते 23 पदक





**खंडवा।** राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले की ताइक्वांडो टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उज्जैन में 9 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य पदक अपने नाम किए। जिला सचिव मुगीस ने बताया कि अथर्व धुर्वे, अरुल सेठिया, आरोही वाकडे, इशिका ठाकुर, अद्विक पालीवाल, अशुमान सोनी, नव्यान्श चंदेली, श्रद्धा अग्रवाल और खादिजा खान ने स्वर्ण पदक जीते। आदित्य सिंह, मिजान खान, अनाया वार्कडे, नियति ठाकुर, अहाना सैनी और मोह अली ने रजत पदक और युवन्या सिंह, अमाया वार्कडे, सीर्थी श्रीवास्तव, प्रनाया चौहान, अमायरा टिग्गा, आराध्या अग्रवाल, लताशा और सिद्धार्थ। अमित कुशवाहा, आदर्श बिसारे और ऋषि भोर्गे ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। जबकि जनित मैरी तुर्की का प्रदर्शन सराहनीय रहा। खंडवा जिले के इन खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ताइक्वांडो के सचिव सुनील भारती, मुकुंद झाला, नीरज भंडारी, डॉ. गुर्जर, जिला सचिव मुगीस खान, शुंभम जैन, नागेश वालान्जकर, शिवांश कुशवाहा, हेमेंद्र वार्कडे, सौरभ श्रीवास्तव, विकास मोहे और हिमांशु राठवे ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव ने जीएसटी पर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



**खंडवा।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स), जिसे किसानों ने 'गब्बर सिंह टैक्स' की संज्ञा दी है, की कमियों और उससे किसानों पर पड़ी गहरी मार को उजागर किया है। अरुण यादव ने कहा कि वे यह पत्र एक कांग्रेस नेता नहीं, बल्कि एक गब्बर सिंह टैक्स के मारे, पीड़ित किसान की हैसियत से लिख रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया है कि जीएसटी के नाम पर किसानों को पिछले आठ सालों में सरकार ने कितना राजस्व इकट्ठा किया है, यह देश के सामने रखा जाए। श्री यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने एक ओर किसानों को मात्र 4-6 हजार रुपये सालाना देने का दिखावा किया, जबकि दूसरी ओर कृषि उपकरणों, ट्रैक्टरों और रसायनों पर भारी-भरकम जीएसटी लगाकर किसानों से पैसा वसूल किया। श्री यादव ने याद दिलाया कि 6 सितम्बर 2025 को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ट्रैक्टरों और कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरें कम करने से होने वाले फायदों की बात कही थी। चौहान के बयानों को उद्धृत करते हुए अरुण यादव ने कहा - मध्यप्रदेश में प्रतिवर्ष 55 से 60 हजार ट्रैक्टर बिकते हैं। पिछले आठ सालों में करीब 5 लाख ट्रैक्टर बिके। नई दरें लागू होने पर प्रति ट्रैक्टर किसानों को 32 से 65 हजार रुपए तक की बचत होगी।

### सद्भावना मंच व्दारा आकाशवाणी कार्यक्रम प्रमुख राजेश पाठक को दी विदाई





**खंडवा।** मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच द्वारा आयोजित विदाई समारोह में सदस्यों द्वारा खंडवा आकाशवाणी कार्यक्रम प्रमुख राजेश पाठक के पदोन्नत होकर इंदौर स्थानांतरण पर शाल, श्रीफल एवं मोतियों की माला पहनाकर विदाई दी गई। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि खंडवा आकाशवाणी केंद्र कार्यक्रम प्रमुख राजेश पाठक ने लंबे समय तक अपनी सेवाओं के माध्यम से अनेक व्यक्तियों का परिचय श्रोताओं को करवाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक प्रमोद जैन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अनिमेष शर्मा एवं जितेंद्र सिंह चौहान उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, सुरेंद्र गीते, डॉ वीरेंद्र लाड़, त्रिलोक चौधरी, राधेश्याम शाक्य, गणेश भावसार, डा एम एम कुरेशी, ललित चौरे, निर्मल मंगवानी, अर्जुन बुंदेला, एनके दवे, कमल नागपाल, देवेंद्र जैन, डॉ जगदीशचंद्र चौरे, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि सदस्य उपस्थित थे।

### पिछले 24 घंटों में पंधाना में 23, पुनासा में 8 व खालवा में 1 मिली मीटर वर्षा हुई

**खण्डवा।** खंडवा जिले में गत चौबीस घंटों में 6.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में पंधाना तहसील में 23, पुनासा तहसील में 8 मिली मीटर और खालवा में 1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले की अन्य किसी भी तहसील में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 23 सितम्बर तक जिले में 847.4 मिली मीटर औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 745.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 875 मि.मी., हरसूद तहसील में 610 मि.मी., पन्धाना तहसील में 653 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 778 मि.मी. तथा खालवा तहसील में 811 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि खण्डवा जिले की औसत वर्षा 808 मिली मीटर है।

### त्योहारों के मद्देनजर 34 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 18 गिरफ़्तारी, 77 जमानती वारंट, 135 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। जिले के विभिन्न थानों में 34 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 22 प्रकरणों में 31 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 03 प्रकरण मे 03 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 15 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

### अवैध शराब बेचने वालों को पुलिस ने पकड़ा

**खंडवा।** अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध थाना मांधाता के आरोपी अशोक पिता गणपत जाति भील उम्र 32 साल नि. गाम गोल अशोक भील निवासी गोल द्वारा अवैध रुप से हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 60 लीटर की कीमती 6000/-रुपए की बेचते पाया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना मूंदी की आरोपिया उमाबाई पति किशन भीलाला उम्र 55 साल निवासी चिचलीखुर्द के कब्जे से 7.5 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 650/- रूपए की जप्त की गई। आरोपी नरसिंह पिता श्यामसिंह जाति भिलाला उम्र 45 साल नि. पालसूद रैयत के कब्जे से 7 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 560/- रूपए की जप्त की गई। उपरोक्त दोनो आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# पत्नी के मर्डर को लूट बताने वाला मास्टरमाइंड पति सलाखों में

## 1 लाख रुपए में दी थी दोस्तों को सुपारी, देहाती अधकचरे ज्ञान में उलझा पति, क्राइम पेट्रोल से प्रभावित है

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पास के गांव डिगरिस में आधी रात को हुए मर्डर में पति ही मास्टरमाइंड निकला। पुलिस ने पति को घटनाक्रम के बाद ही संदेह के घेरे में ले लिया था। पति ने ही तीन लोगों को अपनी पत्नी की हत्या की सुपारी 1 लाख रुपए में दे दी थी। 10 हजार रुपए एडवांस भी दे दिए थे।

पति महेंद्र पटेल अपनी पत्नी से त्रस्त था। जिसकी हत्या की गई वह दूसरी पत्नी थी। आशिकमिजाज होने के कारण वह उलझनों में फंसा रहता था। किराना दुकान से शराब और बीयर भी बेचता था।

### सरेराह महेंद्र को पीटती थी पत्नी

यही वजह है कि पत्नी, महेंद्र पटेल की सड़क पर घर के सामने पिटाई भी करती थी। पत्नी महेंद्र को सुधारना चाहती थी, लेकिन गलत आदतों के कारण उसने 10 में से 8 एकड़ जमीन भी बेच दी थी। पहली पत्नी भी इन्हीं आदतों के कारण छोड़ कर चली गई थी।



### पुलिस के सामने 'तोता' बन गया पति

पत्नी का शव मर्चुरी में रखवाकर पुलिस रात से ही महेंद्र के गांव में जानकारी लेने लगी। कुछ ही देर में लोगों ने ही बता दिया कि महेंद्र गलत किस्म का व्यक्ति है। उससे जब पूछताछ की गई, तो बहाने करने लगा। कहानी गढ़ने लगा। वह कह रहा था, कि मेरी पत्नी की हत्या हुई है, और मुझे ही परेशान किया जा रहा है। पुलिस ने जब तरीके से उससे पूछताछ की, तो सारा घटनाक्रम तोते की तरह उगल दिया। इस मामले में पुलिस की मेहनत भी काफी अधिक थी। एसपी से लेकर सामान्य आरक्षक तक रात में ही घटनाक्रम की आखिरी तह तक पहुंचने के लिए उत्सुक थे। ऐसा ही हुआ भी।

### पत्नी पर 35 वार, पति को खरोच भी नहीं!

मामला मंगलसूत्र लूट का बताया गया था। इसके बावजूद पति महेंद्र पटेल के शरीर पर किसी तरह की खरोच या चोट के कोई निशान नहीं थे। पत्नी को 35 बार चाकू मारे होंगे, और पति चुपचाप कैसे देखते रह सकता है?

### एक आरोपी अब भी फरार

पुलिस ने मास्टरमाइंड पति महेंद्र पटेल और हेमंत वह एक अन्य को पकड़ लिया है। दूसरा फरार बताया गया है। हत्या में प्रयुक्त चाकू और कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। एडवांस के 10 हजार रुपए भी पुलिस ने जप्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है। 24 घण्टे के अन्दर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### हत्या को लूट में बदलने की साजिश नाकाम

फरियादी महेन्द्र पटेल पिता सखाराम पटेल उम्र 35 साल निवासी ग्राम डिगरिस ने पत्नी सविता की हत्या वाली कहानी गढकर लूट में बदलना चाही थी। पुलिस ने कुछ ही घंटे में इस कहानी को गलत साबित कर दिया।

### आधी रात को एसपी भी पहुंचे घटनास्थल

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया, घटना की जानकारी उन्हें भी आधी रात को ही लग गई थी। पुलिस टीम के साथ वे भी मौके पर पहुंचे थे। घटनाक्रम देखकर लग गया था कि इसमें गहरी साजिश है?। पत्नी को बेरहमी से 35 घाव चाकू के थे।



### ऐसे पकड़ाए हेमंत और उसके साथी

मुखबिर की सूचना पर हेमन्त उर्फ कान्हा पिता सेवकराम पंचाल उम्र 21 साल निवासी ग्राम डिगरीस थाना पदमनगर से पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि मृतिका के पति द्वारा ही एक लाख रुपये की सुपारी देकर ग्राम जामलीकला के रहने वाले आर्यन पिता महेश यादव एवं राजेन्द्र पिता अशोक यादव के साथ मिलकर हत्या की है। हत्या करने के बाद हत्या में प्रयुक्त चाकू एवं हत्या करने के लिए दी गई राशि आरोपियों से जप्त की गई है एवं हत्या में प्रयुक्त कपड़े को जलाना बताया जिन्हे जप्त किया गया है। मृतिका के पति महेन्द्र पटेल द्वारा अपना मोबाईल पहले से ही हेमन्त को देकर उसमें दूसरी सिम डलवाकर पुलिस को मोबाईल गुम होने के संबंध में गुमराह किया गया है।

### सराहनीय भूमिका

नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे, थाना प्रभारी प्रवीण आर्य, निरीक्षक धीरेश धारीवाल, निरी. सुनील कुमार गुप्ता प्रभारी जीविशा, उनि. भीमराव अटकडे, उनि. विरेन्द्र अहिरवार, उनि. हर्ष सोनगरे, सउनि केमर सिंह रावत, सउनि विरेन्द्र बिसेन, सउनि. महेन्द्र यादव, सउनि हिफाजत अली, प्र. आर. राजेन्द्र पाँजरे, प्र. आर. महेन्द्र वर्मा, प्र. आर. 370 अनन्त अवधाने, प्र. आर. 363 विकास, प्र. आर. 532 योगेश, प्रआर जितेंद्र, प्रआर विक्रम साइबर सेल, आर. 826 अजय, आर. 322 आनन्द झंझोट, आर. 164 रितेश, आर. 203 नितिन, आर. शेखर, म. आर. 08 ललिता की सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय द्वारा टीम में सम्मिलित अधिकारी कर्मचारियों को नगद इनाम राशि 10,000 रुपए दिए जाने की घोषणा की गई है।

### क्राइम पेट्रोल देखकर बनाई थी मर्डर की योजना!

आरोपियों ने क्राइम पेट्रोल सीरियल देखकर मृतिका को मारने की योजना बनाई थी। पुलिस ने हेमन्त उर्फ कान्हा पिता सेवकराम पंचाल उम्र 21 साल निवासी ग्राम डिगरीस, आर्यन पिता महेश यादव उम्र 22 साल निवासी रेलवे गेट के पास ग्राग जामलीकला थाना कोतवाली व महेन्द्र पिता सखाराम पटेल उम्र 35 साल निवासी ग्राम डिगरीश थाना पदमनगर को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बावजूद राजेन्द्र पिता अशोक यादव उम्र 35 साल निवासी रेलवे गेट के पास ग्राम जामलीकला थाना कोतवाली फरार है। जिसकी सूचना भी पुलिस को मिल चुकी है कि वह कहां छिपा है।

# सवारी बसों की तरह खंडवा, ओंकारेश्वर, हनुमंतिया के लिए हेलीकॉप्टर चलाएगी मोहन सरकार!

नवभारत न्यूज

**खण्डवा। चलो! ओंकारेश्वर, हनुमंतिया, इंदौर, बुरहानपुर वाले इस गाड़ी में बैठो। टिकट लो, और हवाई सफर के लिए तैयार हो जाओ। खंडवा से इंदौर सिर्फ 35 मिनट में, हनुमंतिया और ओंकारेश्वर 15 मिनट में। बिना दचके का सफर, वह भी बहुत कम समय में। इसके लिए जेब जरूर थोड़ी ढीली करनी पड़ेगी।**

यह अथेंटिक खबर है। प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों को सार्वजनिक हेलीकॉप्टर टिकट वाली सेवा से जल्द जोड़ा जाएगा। इसके लिए निजी हेलीकॉप्टर संचालकों को आमंत्रित भी किया गया है। निजी ऑपरेटर, बस सेवा की तरह इन्हें संचालित कर सकेंगे।

### तीर्थ और पर्यटन बड़े शहरों से सीधे जुड़ेंगे

प्रदेश के जिन शहरों को हैलीकॉप्टर की सुविधा से जोड़ा गया है, उनमें खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर, हनुवंतिया व खण्डवा नगर को भी शामिल किया गया है। हैलीकॉप्टर सेवा शुरू होने से प्रदेश के प्रमुख शहरों, धार्मिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों और पर्यटक स्थलों के बीच निजी ऑपरेटर के सहयोग से किफायती एवं स्थायी हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध होगी। इससे प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक शहरों एवं पर्यटक स्थलों के बीच व्यवसाय एवं पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि होगी और रोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे।





### सेक्टर 1 में खंडवा- इंदौर शामिल

कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि हैलीकॉप्टर का संचालन 3 सेक्टर्स में किया जाएगा। इनमें सेक्टर-1 में इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधीसागर, मंदसौर, नीमच, हनुवंतिया, खंडवा, खरगौन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा, भोपाल और जबलपुर शामिल होंगे। सेक्टर-2 में भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, छिंदवाड़ा, सांची, इंदौर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो (श्योपुर), ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, टीकमगढ़ और जबलपुर शामिल होंगे।

### यह खंडवा से सीएम का प्रेम है!

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को भोपाल स्थित मंत्रालय भवन में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत निजी ऑपरेटर के सहयोग से राज्य के भीतर हैलीकॉप्टर सेवा संचालन की स्वीकृति प्रदान गई है।

### अंग्रेज व मुगल भी खंडवा के कायल

खंडवा जिला हर मामले में महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रदेश में इस जिले की ख्याति अंग्रेज ही नहीं मुगलों के जमाने से है। यातायात में मुगलों ने इंदौर इच्छापुर रोड बनाकर सीधे असीरगढ़ को दिल्ली की सल्तनत से जोड़ा था। मोहन यादव ने दूरदृष्टि से इस जिले को प्राथमिकता दी है, जो महत्वपूर्ण माने जा रही है।

### वेद- पुराणों में भी समृद्ध है ओंकारेश्वर

खंडवा शहर बड़ा और पुराना माना जाता है। ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग स्थापित है। यहां कई आध्यात्मिक मान्यताएं वेद और पुराणों में उल्लेखित हैं। ओम का आविष्कार भी यहीं से हुआ था। इसी तरह हनुमंतिया पर्यटन स्थल पूर्व सीएम और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की कल्पना का केंद्र है। मां नर्मदा की वजह से इतनी बड़ा मीठे पानी का जल समुद्र विश्व में कहीं नहीं है। यहां एस्सेल वर्ल्ड जैसे वॉटर स्पोर्ट्स भी बनाए जा सकते हैं।

### सेक्टर 3 में दूर के पर्यटन पर जा सकेंगे निमाड़ के लोग

सेक्टर-3 में जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, चित्रकूट, सरसी, परसिली, मैहर, सतना, पन्ना, खजुराहो, कटनी, रीवा, सिंगरौली, अमरकंटक, सिवनी, सीधी, मंडला, पेंच, डिंडौरी, भोपाल और इंदौर के बीच हेलीकाप्टर सेवा का संचालन किया जाएगा।

# अनाज मंडी में जया किशोरी देंगी प्रभावी उद्बोधन

नवभारत न्यूज

**खंडवा। साहित्यकार डॉ. आलोक सेठी की सोलहवीं पुस्तक पब्लिक युनिवर्सिटी का विमोचन 24 सितंबर को पुरानी अनाज मंडी परिसर में किया जा रहा है। समारोह की मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी होंगी।**

अरुण सेठी ने बताया कि प्रतिवर्ष 24 सितम्बर को खंडवा में होने वाले इस साहित्यिक जलसे में अब तक डॉ. कुमार विश्वास, शैलेश लोढ़ा, एहसान कुरैशी, नीलोत्पल मृणाल, हरिओम पंवार, सुरेंद्र शर्मा, मुनव्वर राना, राहत इंदौरी जैसे दिग्गज साहित्यकार अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस बार दर्शकों की बड़ी संख्या को देखते हुए यहाँ भव्य वाटरप्रूफ़ शेड का निर्माण किया गया है, लगभग आधा एकड़ जगह कवर्ड की गई है। ताकि हजारों लोग एक साथ आराम से बैठकर इस ऐतिहासिक आयोजन का आनंद ले सकें। आयोजन स्थल पर चार बड़े एल ई डी भी लगाये गए हैं। पलाश, पल्लव और पर्व सेठी ने बताया कि तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं और नगरवासियों में कार्यक्रम को लेकर अत्यधिक उत्सुकता है। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध एंकर प्रदीप जैन करेंगे। कार्यक्रम ठीक समय पर शुरू हो जाएगा। इसलिए इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए समय पूर्व, परिवार सहित उपस्थित होकर इस आयोजन को ऐतिहासिक सफलता प्रदान करें। समय बद्ध होगा कार्यक्रम 07.00 से 07.40 तक देश के सुप्रसिद्ध गायक दम्पति योगेश - रंजीता मीना अपनी स्वर लहरियां बेखेरेंगे। 07.40 से 07.50 तक लकी ड्रा होगा। इसके तुरंत बाद मुख्य कार्यक्रम ठीक 07.50 पर शुरू हो जाएगा। विमोचन प्रसंग और उसके पश्चात जयाकिशोरी का उदबोधन .. लगभग 10.50 से पूर्व कार्यक्रम पूर्ण हो जाएगा।



कैबिनेट मंत्री विजय शाह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, खरगोन सांसद गजेन्द्र पाटिल विधायक अर्चना चिटनिस बुरहानपुर, सचिन बिड़ला बडवाह, कंचन तनवे खण्डवा, राजन मंडलोई बड़वानी, मोंटू सोलंकी सेंधवा, आर के दोगने हरदा, छाया मोरे पंधाना, झूमा सोलंकी भीकनगांव, नारायण पटेल मान्धाता, मंजू दादू नेपानगर, महापौर अमृता अमर यादव खण्डवा, ऋषव गुप्ता जिलाधीश खण्डवा, मनोज राय एस पी खण्डवा, नागार्जुन बी गौड़ा जिला पंचायत सी ई ओ आयोजित कार्यक्र म में शामिल होंगे।

**जनसुनवाई** — कलेक्टर श्री गुप्ता ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी

# गांव में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

नवभारत न्यूज

**खण्डवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।**

जनसुनवाई में खण्डवा विकासखंड के ग्राम डोंगरगांव निवासी जयराम करोले ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि गांव में स्थित उसकी कृषि भूमि पर लगी फसल वर्षा के कारण खराब हो गई है, किसान ने फसल राहत की मांग की, जिस पर उन्होंने तहसीलदार को मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

### भैंस चोरी हो गई

जनसुनवाई में खालवा तहसील के ग्राम खेड़ी निवासी शांतिलाल ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसकी भैंस चोरी हो गई है, लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिस पर उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को मामले की छानबीन कर अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।





### अधिक वर्षा से सोयाबीन की फसल खराब

जनसुनवाई में छैगांवमाखन तहसील के ग्राम अतर, रेवाड़ा, दुगवाड़ा, बामझर, चिचगोहन, जामनिया और सिर्रा के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि अधिक वर्षा के कारण उनकी सोयाबीन की फसल खराब हो गई है, जिस पर उन्होंने तहसीलदार छैगांवमाखन को किसानों के खेतों में हुई फसल क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पंधाना तहसील के ग्राम खिराला निवासी आनंदराम और कमल ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि शासकीय शराब की दुकान बोरगांव बुजुर्ग द्वारा अवैध रूप से अन्य स्थानों पर शराब की बिक्री कराई जा रही है, जिस पर उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए। बलवाड़ा के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि गांव में शराब की अवैध बिक्री की जा रही है जिसे रोका जाए, जिस पर उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए।

खालवा तहसील के ग्राम मातापुर निवासी रिया खंडेल ने ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया में उसने आवेदन किया था, लेकिन अनियमितता के कारण उसकी सुनवाई नहीं की गई, जिस पर उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर डॉ. कृष्णा सुशिर, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, एसडीएम बजरंग बहादुर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक गोली

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मंगलवार को मनाया गया। इसके तहत 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलायी गई। इसी क्रम में मंगलवार को जिला चिकित्सालय, खण्डवा के ए-ब्लॉक में बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं, आदिवासी आश्रम शालाओं, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को मंगलवार को कृमिनाशक एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलाई गई। जो बच्चे किन्हीं कारणों से मंगलवार को गोली नहीं खा पाए, उन बच्चों को 26 सितम्बर को मॉपअप राउंड में यह गोली खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेण्डाजॉल की आधी गोली और 2 से 19 वर्ष के बच्चों को एक गोली चबाकर पानी के साथ खिलाई जाएगी। साथ ही 20 से 49 वर्ष की महिलाएं, जो गभर्वती एवं धात्री नही हैं उन्हें भी आंगनवाड़ी केन्द्र पर गोली खिलाई जाएगी।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉ. रंजीत बड़ोले, डॉ. रिया भदौरिया, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पूजा झगेकर, पूर्णिमा बघेल, पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के छात्र एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

